# BIKANER TECHNICAL UNIVERSITY, BIKANER
## बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर

# प्रबंध मण्डल बैठक

## कार्यवाही विवरण

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | **9** वीं |
| दिनांक | : | **26.05.2022** |
| दिवस | : | गुरूवार |
| समय | : | प्रातः **11:00** |

स्थानः आनलाईन व ऑफलाईन

विश्वविद्यालय के प्रबंध मण्डल की 9वीं बैठक का आयोजन दिनांक 26.05.2022 को प्रातः 11:00 बजे हुआ। बैठक में निम्न माननीय सदस्यों द्वारा भाग लिया गया।

| क्र.स. | नाम एवं पद | प्रबंध मण्डल में पद | उपस्थिति का माध्यम |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रो0 अम्बरीष शरण विद्यार्थी,<br>माननीय कुलपति महोदय, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर। | अध्यक्ष | ऑफलाईन |
| 2 | श्रीमान सम्भागीय आयुक्त महोदय,<br>श्रीमान सचिव महोदय, वित्त विभाग के प्रतिनिधि, राजस्थान सरकार, जयपुर। | पदेन सदस्य | ऑफलाईन |
| 3 | श्री मनीष गुप्ता, संयुक्त सचिव, श्रीमान सचिव महोदय, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, के प्रतिनिधि। | पदेन सदस्य | ऑनलाईन |
| 4 | डॉ0 धर्मेन्द्र यादव,<br>अधिष्ठाता फैकल्टी अफेयर्स, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर। | माननीय कुलपति द्वारा नामित सदस्य | ऑफलाईन |
| 5 | डॉ0 राजेश कुमार औझा,<br>अधिष्ठाता, इंजीनियरिंग एवं वास्तुकला संकाय, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर। | माननीय कुलपति द्वारा नामित सदस्य | ऑफलाईन |
| 6 | प्रो0 प्रदीप कुमार गर्ग,<br>सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आई0आई0टी रूड़की एवं पूर्व कुलपति, यूटीयू, देहरादून | माननीय कुलपति द्वारा नामित सदस्य | ऑनलाईन |
| 7 | डॉ0 नरेन्द्र एस0 चौधरी,<br>प्रोफेसर (एचएजी) कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग, आई.आई.टी. इंदौर एवं पूर्व कुलपति यूटीयू, देहरादून। | माननीय कुलाधिपति द्वारा नामित सदस्य | ऑनलाईन |
| 8 | डॉ0 संत कुमार चौधरी,<br>अध्यक्ष शंकरा प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर। | माननीय कुलाधिपति द्वारा नामित सदस्य | ऑनलाईन |
| 9 | डॉ0 जितेन्द्र डीगवाल,<br>प्राचार्य, महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर। | राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य | ऑनलाईन |
| 10 | प्रो0 कमलेश पुरोहित,<br>जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर। | राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य | ऑनलाईन |
| 11 | डा0 एस. के. बिश्नोई,<br>सह–आचार्य, अभियांत्रिकी महाविद्यालय, बीकानेर। | राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य | ऑनलाईन |
| 12 | ऋषिबाला श्रीमाली, आर.ए.एस,<br>कुलसचिव, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर। | सदस्य सचिव / पदेन सदस्य | ऑफलाईन |
| 13 | | | |

निम्न माननीय सदस्यगण बैठक में उपस्थित होने में असमर्थ रहे।

| क्र.स. | नाम एवं पद | प्रबंध मण्डल में पद |
|---|---|---|
| 1 | निदेशक, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जोधपुर। | पदेन सदस्य |
| 2 | श्री गोविंद राम मेघवाल, माननीय विधायक (खाजूवाला) एवं मंत्री महोदय। | विधानसभा अध्यक्ष द्वारा नामित सदस्य |
| 3 | श्री जगदीश चन्द्र जांगिड़, माननीय विधायक महोदय, सादुलशहर। | विधानसभा अध्यक्ष द्वारा नामित सदस्य |
| 4 | डॉ0 जावेद खान भुट्टो,<br>प्राचार्य, मरूधर इंजीनियरिंग कॉलेज, बीकानेर। | राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य |
| 5 | प्रो0 एस. पी. चौरसिया | माननीय कुलपति द्वारा नामित सदस्य |

निम्न सदस्य ने विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में बैठक में भाग लिया गया।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री भैरू रतन छंगाणी | वित्त नियंत्रक |

| | |
|---|---|
| प्र.म. 9.1 | **माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रबंध मण्डल के समस्त माननीय सदस्यों का स्वागत।** |
| | माननीय कुलपति महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया। प्रबंध मण्डल के पूर्व माननीय सदस्यों द्वारा दिये गये योगदान के लिए विश्वविद्यालय की तरफ से उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया गया तथा नव सदस्यों का अभिनन्दन किया। माननीय कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन समस्त सम्मानित सदस्यों के सम्मुख संक्षेप में प्रस्तुत किया गया जिस पर सभी सम्मानित सदस्यों ने सराहना की। |
| प्र.म. 9.2 | **प्रबंध मण्डल की 5वीं, 6ठी, 7वीं एवं 8वीं बैठक जो कमशः 23.06.2020, 09.01. 2021, 08.02.2021 एवं 24.06.2021 को सम्पादित हुई, के कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान करने बाबत।** |
| विवरण 9.2 | प्रबंध मण्डल की 5वीं, 6ठी, 7वीं एवं 8वीं बैठक जो कमशः 23.06.2020, 09.01. 2021, 08.02.2021 एवं 24.06.2021 को सम्पादित हुई थी। उक्त बैठकों के कार्यवाही विवरण समस्त माननीय सदस्यों को संप्रेषित किये गये। उक्त कार्यवाही विवरण पर किसी प्रकार की टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई।। उक्त बैठकों का कार्यवाही विवरण **अनुलग्नक–A** के रूप में संलग्न किया गया है। |
| संकल्प 9.2 | प्रबंध मण्डल की 5वीं, 6ठी, 7वीं एवं 8वीं बैठकों का कार्यवाही विवरण समस्त माननीय सदस्यगणों द्वारा अनुमोदित किया गया। |
| प्र.म. 9.3 | **वित्त समिति की 4थी तथा 5वीं बैठक जो कमशः 19.072021 एवं 15.03.2022 को सम्पादित हुई , के कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान करने बाबत।** |
| विवरण 9.3 | वित्त समिति की 4थी तथा 5वीं बैठक जो कमशः 19.072021 एवं 15.03.2022 को सम्पादित हुई थी।<br>वित्त समिति की चतुर्थ बैठक में वित्त वर्ष 2021–22 के बजट अनुमान तथा वित्तीय वर्ष 2020–21 के संशोधित अनुमान का अनुमोदन किया गया।<br>वित्त समिति की पंचम बैठक में वित्त वर्ष 2022–23 के बजट अनुमान तथा वित्तीय वर्ष 2021–22 के संशोधित अनुमान का अनुमोदन किया गया। |

| | |
|---|---|
| | वित्त समिति की चतुर्थ एवं पंचम बैठक के कार्यवाही विवरण **अनुलग्नक– B** के रूप में संलग्न है। |
| संकल्प 9.3 | वित्त समिति की चतुर्थ एवं पंचम बैठकों का कार्यवाही विवरण समस्त माननीय सदस्यगणों द्वारा अनुमोदित किया गया। |
| प्र.म. 9.4 | **विद्या परिषद की 6ठी, 7वीं एवं 8वीं बैठक जो क्रमशः 22.03.2021, 01.11.2021 एवं 17.05.2022 को सम्पादित हुई, के कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान करने बाबत।** |
| विवरण 9.4 | विद्या परिषद की 6ठी, 7वीं एवं 8वीं बैठक जो क्रमशः 22.03.2021, 01.11.2021 एवं 17.05.2022 को सम्पादित हुई। उक्त बैठकों के कार्यवाही विवरण समस्त माननीय सदस्यों को संप्रेषित किये गये। 6ठी एवं 8वीं बैठक के कार्यवाही विवरण पर किसी प्रकार की टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई एवं विद्या परिषद की 7वीं बैठक के बिन्दु संख्या 7.14 पर तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा असहमति प्रदान की गयी है। अतः प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यगणों से निवेदन है कि विद्या परिषद की 6ठी बैठक, 8वीं बैठक तथा 7वीं बैठक के बिन्दु संख्या 7.14 के अलावा कार्यवाही विवरण को अनुमोदन प्रदान करें। उक्त बैठकों का कार्यवाही विवरण **अनुलग्नक– C** के रूप में संलग्न किया गया है। |
| संकल्प 9.4 | माननीय सदस्यगणों द्वारा विद्या परिषद की 6ठीं (बिन्दु 6.2, जिसे प्रत्याहृत किया गया को छोड़कर), 7वीं(बिन्दु 7.14 को छोड़कर) तथा 8वीं विद्या परिषद के कार्यवाही विवरण को अनुमोदित किया गया। |
| प्र.म. 9.5 | **शिक्षकों को क्यू. आई. पी के अन्तर्गत अग्रेतर अध्ययन हेतु अनुमति प्रदान करने बाबत।** |
| विवरण 9.5 | बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के संघटक संस्थान यूसीईटी, विश्वविद्यालय में विलय से पूर्व कार्यकारी परिषद/बी.ओ.जी के द्वारा प्रदत्त नियमों/परिनियमों के आधार पर संचालित होता था। बी.ओ.जी के द्वारा महाविद्यालय के शिक्षकों को क्यू. आई. पी के अन्तर्गत अग्रेतर अध्ययन हेतु कार्यकारी परिषद की 5वीं बैठक के बिन्दु संख्या 5.12 के अधीन स्वीकृति प्रदान की गयी थी। परन्तु उक्त व्यवस्था को विश्वविद्यालय में विलय के पश्चात विश्वविद्यालय की प्रबंध मण्डल से अनुमोदित नहीं करवाया गया है। अतः उक्त एजेंडा माननीय सदस्यगणों के समक्ष अवलोकन एवं सहमति की स्थिति में **अनुलग्नक– D** के रूप में अनुमोदनार्थ सादर प्रस्तुत है। |

आधिकारिक परिषद का कार्यवाही विवरण अनुलग्नक– **D** के रूप में संलग्न किया गया है।

**संकल्प 9.5**

माननीय सदस्यगणों की सहमति से इस एजेन्डा को प्रत्याहृत कर लिया गया है।

**प्र.म. 9.6**

**बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में अशैक्षणिक कर्मचारियों के पदों के सृजन हेतु राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रेषित करने बाबत।**

**विवरण 9.6**

बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय यूसीईटी में आवश्यक अशैक्षणिक पदों हेतु एक 5 सदस्ययीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। उक्त समिति ने विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय यूसीईटी हेतु निम्नानुसार पद प्रबंध मण्डल के अनुमोदनोपरान्त पदों को सृजित करने हेतु शासन की स्वीकृति प्राप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

| क्र.स. | पद नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | लैब असिस्टेंट | 24 |
| 2 | कम्पयूटर ऑपरेटर | 12 |
| 3 | डिप्टी लाइब्रेरियन | 01 |
| 4 | हैल्पर | 11 |
| 5 | वाहन चालक | 02 |
| | **कुल** | **50** |

शासन की स्वीकृति प्राप्त करने में लगने वाले समय तथा छात्रहितों के दृष्टिगत प्रबंध मण्डल से अनुरोध है कि प्रबध मण्डल के अनुमोदनोपरान्त शार्ट निविदा के माध्यम से सेवायें लेने हेतु विश्वविद्यालय कार्यवाही कर सके, इसका अनुमोदन भी प्रदान करें।

एजेंडा से सम्बंधित अनुलग्नक–**E** के रूप में संलग्न कर अवलोकनार्थ एवं सहमति की स्थिति में अनुमोदनार्थ सादर प्रस्तुत है।

**संकल्प 9.6**

सर्वसम्मति से प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया तथा राज्य सरकार को भेजे जाने का निर्णय माननीय सदस्यगणों द्वारा लिया गया।

**प्र.म. 9.7**

**विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त प्रोफेसर्स/एडजंक्ट प्रोफेसर्स/इन्डस्ट्री प्रोफेशनल्स को कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ.17(10)डीओपी/ए–II/94 जयपुर दिनांक 08.02.2018 के परिशिष्ठ–क के अनुसार निर्धारित समेकित पारिश्रमिक पर पुर्ननियुक्ति के माध्यम से नियमानुसार सेवायें लिये जाने बाबत।**

| | |
|---|---|
| विवरण 9.7 | बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय एवं इसके संघटक महाविद्यालय हेतु राज्य सरकार द्वारा 91 शैक्षणिक कार्मिकों के पद स्वीकृत है। उक्त पदों में से 55 पदों पर शैक्षणिक संकाय सदस्य कार्यरत हैं तथा 36 पद रिक्त हैं(वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन–2021–22)। उक्त पदों पर कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ. 17(10)डीओपी/ए–II/94 जयपुर दिनांक 08.02.2018 के परिशिष्ठ–क के अनुसार निर्धारित समेकित पारिश्रमिक पर पुर्ननियुक्ति के माध्यम से नियमानुसार सेवायें लिये जाने बाबत राज्य सरकार को प्रस्ताव भिजवाया जाना अपेक्षित है। अनुलग्नक–**F** |
| संकल्प 9.7 | समस्त माननीय सदस्यगणों द्वारा प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया तथा यह निर्देश प्रदान किये गये कि इस हेतु राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया जाए। |
| प्र.म. 9.8 | **विश्वविद्यालय के द्वितीय प्रबंध मण्डल की बैठक के द्वारा अनुमोदित परिनियमों के सेक्शन 77, 78 एवं 79 को लागू किये जाने हेतु अनुमोदित करने बाबत।** |
| विवरण 9.8 | बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के परिनियम निर्माणाधीन है। अतः जब तक परिनियम बन कर महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय की सहमति प्राप्त नहीं हो जाती है, तब तक पूर्व में बनाये गये परिनियम के बिन्दु संख्या 77, 78 एवं 79 को कार्यव्यवस्थार्थ लागू करवाने हेतु प्रस्ताव अवलोकनार्थ एवं सहमति की स्थिति में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। अनुलग्नक–**G** |
| संकल्प 9.8 | समस्त माननीय सदस्यागणों द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के नए परिनियम बनाकर आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। |
| प्र.म. 9.9 | **यूनिवर्सिटी ट्रांस्क्रिप्ट के ड्राफ्ट को अनुमोदित करने बाबत।** |
| विवरण 9.9 | बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुछ विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा अनुभाग में समय–समय पर ट्रांस्क्रिप्ट जारी किये जाने के संबंध में प्रार्थना–पत्र प्राप्त होते हैं। अतः परीक्षा नियंत्रक के द्वारा ट्रांस्क्रिप्ट के संबंध में कुछ प्रपत्र बनाकर प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यगणों के समक्ष चर्चा, सुझाव हेतु प्रस्तुत है। अनुलग्नक–**H** |
| संकल्प 9.9 | समस्त माननीय सदस्यगणों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को प्रशासनिक माना गया एवं सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। |

| | |
|---|---|
| प्र.म. 9.10 | **बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय की तरफ से माननीय उच्च न्यायालय में "Standing Council" बनाये जाने बाबत।** |
| विवरण 9.10 | माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय की ओर से माननीय उच्च न्यायालय में "Standing Council" बनाये जाने संबंधी प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्रस्ताव चर्चा हेतु अवलोकनार्थ सादर प्रस्तुत है। अनुलग्नक–I |
| संकल्प 9.10 | माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से राजस्थान सरकार द्वारा अनुमोदित दरों पर तथा अन्यथा की स्थिति में अन्य विश्वविद्यालयों की अनुमोदित दरों के अनुरूप स्थायी अधिवक्ता (ओं) को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। |
| **टेबल एजेण्डा** | |
| प्र.म टेबल .ए 9.1 | माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा उच्च शिक्षा हेतु नई पॉलिसी 2020 (New policy for pursuing Higher Study) को विश्वविद्यालय के परिनियम बनने तक अंगीकृत किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। |
| संकल्प टेबल ए 9.1 | माननीय सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि इस प्रस्ताव को विचार–विमर्शार्थ आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये। |

बैठक में माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया तथा सभी सदस्यों ने माननीय अध्यक्ष महोदय का धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्त की गयी।

(ऋषिबाला श्रीमाली)
कुलसचिव एवं पदेन सचिव
प्रबंध मण्डल,
बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय,
बीकानेर।

(प्रो0 अम्बरीष शरण विद्यार्थी)
कुलपति एवं अध्यक्ष
प्रबंध मण्डल,
बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय,
बीकानेर।